दिनांक–10.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने कहा– केन, बेतवा नदी जोड़ो और बीना परियोजना, बुंदेलखंड का बदलेगी विकास का नक्शा।
- परिसिमन आयोग का हुआ गठन, सभी जिलों और तहसीलों का नये सिरे से होगा सिमांकन।
- जीएसटी परिषद ने केंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत की।
- आज कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रदेश में कृमिनाशक दवाइयों का होगा वितरण।

घोषणाएँ–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखण्ड, पंजाब और हरियाणा को विकास में पीछे छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि केन–बेतवा परियोजना के साथ ही बीना परियोजना इस क्षेत्र का नक्शा बदल देगी। उन्होंने बुंदेलखण्ड में आईटी पार्क बनाने और सागर में इसी माह रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में देश भर के उद्योगपति आने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री कल सागर जिले के बीना में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332. 43 करोड़ रुपए की राशि के अंतरण एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री कहा कि बीना सिंचाई परियोजना से वंचित शेष गाँव को जोड़ा जायेगा। क्षेत्र में अनेक नई सड़कें भी बनाई जाएंगी। बीना में गौशाला निर्माण, पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई खोलने, 30 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण, मंडी बामौरा–विदिशा मार्ग पर आरओबी का निर्माण, नगरपालिका क्षेत्र बीना का विस्तार, खिमलासा को पूर्ण तहसील बनाने, बीना नगरपालिका के विकास कार्य के लिये 5 करोड़ रूपये, 9 समूह नलजल योजनाओं के लिये 2200 करोड़ राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 215 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

जिला परीसीमन

प्रदेश में संभागों, जिलों और तहसीलों का नए सिरे से सीमांकन किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जन सामान्य की सुविधा और बेहतरी के उद्देश्य से जिले और संभाग की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है।

वीसी–संजीव शर्मा

राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय परिसीमन आयोग का गठन किया है। आयोग का अध्यक्ष रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव को बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि आम लोग इस आयोग को अपने क्षेत्र की प्रशासनिक संरचना को लेकर सुझाव दे सकेंगे।

बाइट–मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। राज्य का क्षेत्रफल अधिक है परंतु जिला और संभागों की सीमाओं के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए सीमाओं का पुनर्निर्धारण करना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री–पद्म पुरस्कार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। प्रधानमंत्री ने अनेक नामांकन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में, सरकार ने जमीनी स्तर के अनगिनत लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है। पुरस्कार के लिए चयन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए सरकार ने लोगों से विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए अन्य व्यक्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन अवार्डस डॉट जीओवी डॉट आई एन पर किये जा सकते हैं।

## जीएसटी परिषद बैठक

वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में कल वस्तु और सेवा कर परिषद की 54वीं बैठक में यह निर्णय किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से स्थापित विश्वविद्यालयों और आयकर छूट प्राप्त विश्वविद्यालयों को शोध के लिए दी जाने वाली धनराशि पर भी जीएसटी से छूट देने का निर्णय हुआ। वित्त मंत्री ने बताया कि परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर में कटौती पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर में कमी लाने पर मंत्रियों का समूह इस वर्ष अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगा और नवंबर में होने वाली बैठक में दर में इस पर फैसला किया जाएगा।

बैठक में क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों का समूह बनाने पर भी सहमति हुई। श्रीमती सीतारामन ने बताया कि छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 प्रतिशत बढ़कर 6 हजार 909 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बैठक में कार की सीटों पर कर 18 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय से अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों में संचालित उड़ान प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को जीएसटी से छूट दी गई है।

## रीवा एयर पोर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में स्थित रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए का लाइसेंस प्राप्त हुआ है। इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत–विकसित मध्यप्रदेश' के ध्येय अंतर्गत रीवा एयरपोर्ट, विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहां से यात्री उड़ानों के साथ ही मालवाहक उड़ानों के परिचालन शुरू किया जाएगा। ससे रीवा के विभिन्न सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी साथ ही क्षेत्र में व्यापार, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में भी विस्तार होगा।

## पोषण माह–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल राष्ट्रीय पोषण माह के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सागर जिले के बीना में "पोषण मटके" में रंगीन रोटी के लिए श्रीअन्न यानी मोटे अनाज और फलों का दान किया। उन्होंने जन सामान्य से आंगनवाड़ी से जुड़कर वहाँ पौष्टिक श्रीअन्न, फल, सब्जी के सहयोग के लिये स्व–प्रेरणा से आगे आने का आहवान किया। मुख्यमंत्री ने कहा बच्चों के पोषण के लिए सामुदायिक सहभागिता खुद भी करें एवं औरों को भी प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लाड़ली लक्ष्मी छात्रवृति की लाभार्थी बेटियों ने "लाड़ली पाती" भेंट कर आभार व्यक्त किया। सतना में कल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण भी पढाई भी थीम पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले की सभी आंगनवाडी केन्द्रों में अभियान अंतर्गत शिक्षा चौपाल के तहत 6 साल तक के बच्चों को खेल–खेल में पढाई, खेलों द्वारा सीखो प्रतियोगिता, समुदाय आधारित स्थानीय खेलों के माध्यम से पढाई से संबंधित जानकारी दी गई।

## कृमि मुक्ति दिवस

आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रदेश में 1 से 19 साल के बच्चों को कृमिनाशक एलबेंडाजोल गोली का सेवन करवाया जायेगा। ये गोली शासकीय स्कूलों, निजी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलाई जावेगी। इस गोली से पेट में होने वाले कीड़ों के संक्रमण से बच्चों का बचाव होता है। भोपाल में लगभग साढ़े नौ लाख बच्चों को गोली का सेवन करवाया जाएगा। इससे होने वाले फायदों की जानकारी के लिए स्कूलों में नोडल टीचर को प्रशिक्षित किया गया है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि न्यूट्रीशनल एनीमिया का एक बड़ा कारण पेट में कीड़े होना भी है। कृमिनाशक दवा का सेवन करवाकर कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सकता है। इंदौर में भी आज बच्चों को कृमिनाशन की गोलियां खिलायी जाएंगी। इंदौर जिले के लिए 12 लाख 20 हजार 557 बच्चे चिन्हित किए गए है। अभियान का शुभारंभ सी.एम. राईज स्कूल महू नाका में सुबह 10 बजे किया जायेगा। जो बच्चे 10 सितम्बर को गोली नहीं ले पाएगें, उन्हें मॉप–अप राउण्ड में 13 सितम्बर को गोलियां दी जाएँगी।

इसी तरह खण्डवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी पालकों से अपील की है कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजॉल की गोली जरुर खिलवायें, ताकि बच्चें बीमारियों से सुरक्षित रहें। डिंडौरी जिले कुल 295916 बालक/बालिकाओं का कृमिनाशन किया जाना लक्षित है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों का आयोजन 9 सितंबर को भोपाल जिले की 70 स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। शिविर में 903 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। जांच हेतु महिलाओं को शिविर में लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा 108 एंबुलेंस के माध्यम से निशुल्क दी गई। ये शिविर प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित किए जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इन शिविरों के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ,गांधी मेडिकल कॉलेज, आदि अस्पतालों मं गर्भवती महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया जा रहा है। शिविरों में एनीमिया, गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप,गर्भावस्था जनित डायबिटिज़, पूर्व में ऑपरेशन द्वारा प्रसव इत्यादि लक्षण होने पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी के रूप में चिन्हित किया जाता है।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल भोपाल एम्स, का दौरा कर मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने अस्पताल की सुविधाओं, आगामी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एम्स परिसर में केंद्रीय मंत्री ने पौधा भी रोपा।
- इंदौर नगर निगम के वार्ड 83 के उप चुनाव का प्रचार अभियान कल समाप्त हो गया। मतदान 11 सितंबर को और परिणाम 13 सितंबर को घोषित होगा। चुनावी मैदान में छह प्रत्याशी हैं।
- सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल नरेला विधानसभा में भोपाल के प्राचीनतम श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के विस्तृत स्वरूप श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर अंतर्गत छोला फ्लाईओवर के निर्माण के सम्बंध में अधिकारियों की बैठक ली।
- पन्ना में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत डोर टू डोर मतदाता सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर 16 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
- शासकीय संभागीय आईटीआई नंदानगर इंदौर में आज रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इस मेले में एक निजी कंपनी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार महिला उम्मीदवारों का चयन किया जायेगा।

.................................